तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 2 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 गन्ना के खेतों में लगी आग दस एकड़ फसल प्रभावित



14 परमात्मा वह सर्वोच्च आत्मा है, जो सर्व आत्माओं से...




## खबर संक्षेप



### देवकर राज्योत्सव में लगाई बस्तर आर्ट की प्रदर्शनी

**बेमेतरा।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर विकासखंड साजा में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस आयोजित किया गया। जिसमें हमर छत्तीसगढ़ के चिन्हारी बस्तर आर्ट, डोकरा आर्ट, छत्तीसगढ़िया आभूषण की प्रदर्शनी लगाई गई छत्तीसगढ़ महतारी क्रा वेशभूषा बच्चें ने धारण किया, अरपा पैरी के धार राजकीय गीत पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुती दिया छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया गया। प्रधान पाठिका गिरिज़ा पटेल ने बच्चों को बताया की किस प्रकार पहले हमारा छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश क्रा हिस्सा हुआ करता था। 1 नवंबर सन 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य पृथक रूप से अस्तित्व मे आया और 16 जिले से आज 33 जिलों तक क्रा सफर तय किया और नीत विकास के नये आयामों को पार करता गया। छत्तीसगढ़ क्रा ऐतिहासिक महत्व बताया धार्मिक महत्व बताया प्रमुख त्यौहार नदिया नित्य वेशभूषा आदि पर विस्तार से जानकारी दिया। शिक्षिका वीणा रावटे ने बस्तर के देवी देवता की कहानी बच्चों को बताया। उक्त जानकारी को बच्चों ने अपने शब्दों छत्तीसगढ़ी और हिन्दी में व्यक्त करने क्रा प्रयास किया जिससे उनके मौखिक भाषा और अभिव्यक्ति कौशलके साथ बहुभाषिक शिक्षण क्रा भी विकास हुआ जो की एफएलएनके उद्देश्यों को प्राप्त करने क्रा एक सशक्त माध्यम हैं बच्चों में बहुत सी जानकारी प्राप्त कर काफी उत्साह देखने को मिला। उक्त आयोजन में गिरिज़ा पटेल वीणा रावटे और शाला परिवार के बच्चे उपस्थित रहें।

# राज्योत्सव के उपलक्ष्य में की छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती, हुई विविध स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बेमेतरा के वार्ड 16 में स्थित महतारी चौक में भव्य महा आरती एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ महतारी की विधि विधान से महाआरती हुई।

महाआरती पंडित अभिषेक पांडेय के मार्गदर्शन में हुई इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण का 25वां वर्षगांठ रजत जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है. इसी कड़ी मे शहरवासियों से छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती एवं रंगोली प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की गई थी, जिसमे शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महाआरती व प्रतियोगिता में शामिल हुए।

**छत्तीसगढ़ महतारी की कलाकृति को रंगोली से उकेरी-** रंगोली प्रतियोगिता में 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. यहां प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की सुंदर कलाकृति को रंगोली से उकेरी. प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और विशेषता को प्रदर्शित किया, छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक रंगोली के माध्यम से दिखी. विजेता प्रतिभागियों को ईनाम का वितरण 4 नवम्बर को बेसिक स्कूल मैदान मे आयोजित स्थापना दिवस महोत्सव कार्यक्रम मे किया जाएगा।

## रंगोली के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विशेषता को किया प्रदर्शित

### नपा पार्षदगण व शहरवासी हुए शामिल

छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, गौरव साहू, हर्षवर्धन तिवारी, राजेश शर्मा, प्रवीण नीलू राजपूत, सिमरन ताम्रकार, रोशन दत्ता, लक्की साहू, नरेश साहू, विनय साहू, धर्मेंद्र साहू सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।



### लोककला और सांस्कृतिक रंगों में रंगा छत्तीसगढ़



बेमेतरा। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत राज्योत्सव 2025 का आयोजन जिला मुख्यालय बेमेतरा में 2 से 4 नवम्बर तक बड़े हर्षोल्लास से किया जाएगा। यह आयोजन प्रतिदिन शाम 5 बजे से बेसिक स्कूल मैदान, बेमेतरा में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल उपस्थित रहेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि संस्थाओं के पदाधिकारी गण शामिल होंगे। राज्योत्सव में जिले की लोककला, संस्कृति और पारंपरिक धरोहर की झलक प्रस्तुत की जाएगी। लोककला रंगों से सजे मंच पर कलाकार आरू साहू एवं नितिन दुबे अपनी शानदार प्रस्तुतियों से बेमेतरा की शाम को संगीतमय बनाएंगे।कार्यक्रम में विभागीय प्रदर्शनी, स्व-सहायता समूहों के उत्पाद, स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र होंगी। जिला प्रशासन द्वारा राज्योत्सव की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे परिवार सहित इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली यात्रा का हिस्सा बनें।

## पर्व : तुलसी विवाह, गन्ना पूजा और गौरी-गौरा पर्व की धूम

# देवउठनी एकादशी पर उमड़ा श्रद्धा व उल्लास का सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में देवउठनी एकादशी पर्व शनिवार शाम हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिले के समस्त प्रमुख हाट बाजार में लोगों ने गन्ने की खरीददारी की। देवउठनी एकादशी से ही शादी विवाह कार्यक्रम प्रारंभ हो जाते हैं। एकादशी पर्व पर बेमेतरा जिला क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह रहा है। घरों में छत्तीसगढ़ी स्थानीय व्यंजनों बनाया गया। वहीं पूजा में बेर, चने की भाजी, गन्ना, सिंघाड़े को रखा जाता है। जिसका प्रसाद भगवान को भी लगाकर तुलसी मंडप में पूजा की जाती है।

- बाजारों में रही जमकर भीड़भाड़, शादियों का सीजन शुरू

इस पर्व को लेकर लोगों में दीपावली के बाद खासा उत्साह देखने को मिला । अंचल में देवउठनी एकादशी, तुलसी विवाह, गन्ना पूजा के साथ साथ महिलाओं व बालिकाओं ने घरों घर में अनेक प्रकार रंगोलियां बनाईं। छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं लोक संस्कृति की अपनी पहचान है जो ▶▶|शेष पेज 13 पर





### ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी धूमधाम से मनाया गया देवउठनी एकादशी

ग्रामीण क्षेत्रों में तुलसी विवाह एंव देवउठनी एकादशी व्रत को बड़ी धूमधाम से मनाया गया।पौराणिक कथाओं के अनुसार तुलसी विवाह, हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें पवित्र तुलसी के पौधे का विवाह भगवान विष्णु के शालिग्राम रूप से किया जाता है। यह विवाह एक प्रतीकात्मक विवाह है जो कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है, जिसे देवउठनी एकादशी भी कहते हैं। माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं और इसके साथ ही सभी मांगलिक कार्य, जैसे कि विवाह, शुरू हो जाते हैं।

# राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में चमके बेमेतरा के खिलाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सेको काई शीतों रियो बेमेतरा कराते स्कूल के खिलाड़ियों ने दो दिवसीय राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा, झारखंड, मध्य प्रदेश आदि अन्य राज्यों से लगभग 400 कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें छत्तीसगढ़ की मेजबान टीम ओवर ऑल विनर रही। वही बेमेतरा जिले के 7 चयनित सब जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों ने काता और कुमिते दोनों ही इवेंट में 1 सिल्वर और 4 ब्रॉंज मेडल जीते।

मेडल विजेता खिलाड़ी में होमेश साहू ने काता में सिल्वर मेडल जीता, जबकि अमितेश यादव, होमेश साहू, विकल्प शर्मा और साहिल बरगट्टे ने कुमिते में ब्रोंज मेडल जीते। रोशनी जान्हवी और चित्रांश ने सब जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसिडेंट रेन्शी बी.बी नायडू और सेंसाई देवराज धनकर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के मनोनीत सदस्य और बेमेतरा संघ सचिव अजय वर्मा ने भी खिलाड़ियों की सराहना की और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# जिला जेल में कैदियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशानुसार तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला जेल बेमेतरा में विचाराधीन कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय बेमेतरा के चिकित्सक दल, नर्सिंग स्टाफ तथा फार्मासिस्ट ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के दौरान कैदियों की मानसिक जांच विशेषज्ञों द्वारा की गई और आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया।



शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने कैदियों का मानसिक परीक्षण (साइकोलॉजिकल असेसमेंट ) किया और जिन कैदियों में तनाव, अवसाद या मानसिक असंतुलन के लक्षण पाए गए, उन्हें आवश्यक दवाएँ और परामर्श दिया गया। डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं, जिससे बंदियों को तत्काल राहत मिली। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है तथा वे समाज में पुनः सकारात्मक रूप से लौटने के लिए तैयार होते हैं। ज्ञात हो कि इस प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन प्रत्येक माह जिला जेल बेमेतरा में नियमित रूप से किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य जेल में बंद कैदियों के शारीरिक एवं ▶▶|शेष पेज 13 पर

# राजपूज समाज के सतानंद बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज छत्तीसगढ़ 5980 की नवागढ़ राज इकाई की बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि नवागढ़ राज के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। इस निर्णय के तहत श्री सतानंद सिंह चौहान को राज अध्यक्ष और देवेंद्र सिंह चौहान को राज सचिव के रूप में चयनित किया गया है।

वहीं सलाहकार भोप सिंह चौहान, सबल सिंह चौहान, गंगू सिंह चौहान, स्वरूप सिंह चौहान महामंत्री नंदू सिंह चौहान, बोधन सिंह चौहान, जय सिंह चौहान, सुशील सिंह चौहान,प्रचार मंत्री कृष्णाशरण सिंह चौहान, बलदाऊ सिंह चौहान, भगवान सिंह चौहान, माधव सिंह चौहान ,सह सचिव मनहरण सिंह, मीडिया प्रभारीः डी.एस. चौहान,मंत्री गंगू सिंह चौहान, राजकुमार सिंह चौहान, शैलेश सिंह चौहान, आत्मा सिंह चौहान,सांस्कृतिक मंत्री राहुल सिंह चौहान कार्यकारिणी सदस्य रामकंमल सिंह, ओंकार सिंह, भुवनेश्वर सिंह चौहान, इंद्रपाल सिंह चौहान बनाए गए हैं। बैठक में 3 कार्यकाल प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहे तारा सिंह चौहान , जामुल राज अध्यक्ष ढाल सिंह चौहान, और अन्य वरिष्ठ सामाजिक सदस्य उपस्थित थे। सतानन्द सिंह चौहान ने सभी आए सामाजिक सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था का हाल-बेहाल

# सरकारी स्कूलों की पढ़ाई भगवान भरोसे, कोचिंग के सहारे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा विभाग की निष्क्रियता एवं उदासीनता के कारण जिलेभर के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था भगवान भरोसे नज़र आ रहा है, देखा जाए तो दशकों पूर्व एक दौर में एजुकेशन के क्षेत्र में अग्रणी रहा बेमेतरा ज़िला में अब शिक्षा का हाल फिसड्डी है। आलम यह है कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत अधिकांश विद्यार्थी प्राइवेट ट्यूशन-कोचिंग के सहारे अपनी पढ़ाई पूरी कर पा रहे है। जिससे सरकारी सिस्टम की विश्वसनीयता भी दांव पर है।

- मकड़जाल से फैले निजी ट्यूशन-कोचिंग के सहारे बच्चों की नैया पार करने जुटे पालक

दरअसल बेमेतरा ज़िला शिक्षा प्रशासन की निष्क्रियता व उदासीनता का परिणाम यह है कि आज हर सरकारी स्कूल में ज्यादातर स्कूली बच्चे निजी ट्यूशन व कोचिंग के बिना पढ़ाई नही कर पा रहे है जबकि उनको स्कूल में ही बेहतर पढाई की सुविधा दी जानी चाहिए। वही ज्यादातर इन स्कूली छात्र-छात्राओं में अनुशासनहीनता का भाव देखने को मिलता है, जिसमे स्कूल प्रशासक व प्रबन्धन की जवाबदेही बनती है, वही जिलेभर में ऐसे कई स्कूल है जहाँ गिनती के ही शिक्षक उपलब्ध है इसके कारण छात्रों की विभिन्न विषयों की पढ़ाई भी अधूरी रह जाने से प्रभावित होती है। जिसके कारण विद्यार्थियों को वैकल्पिक रूप से निजी कोचिंग-ट्यूशन का सहारा लेना पड़ता है।

### नियम-मापदण्डों को ठेंगा दिखा रहे प्राइवेट ट्यूशन व कोचिंग सेंटर के संचालक



विदित हो कि बेमेतरा ज़िला के चारो विकासखण्डों में अवैधानिक रूप से सैकड़ो की तादाद में निजी ट्यूशन व कोचिंग सेंटरों की भरमार है, जो प्रशासन के नियम व कायदे-कानून को ताक पर रखकर बच्चों को पढ़ाई के नाम लूट रहे है। जिससे कही न कही हमारा शिक्षा व्यवस्था भी कमजोर साबित हो रहा है।शहरी इलाके से लेकर ग्रामीण अंचल के युवा पढ़ाई बेहतर करने के लिए इनका सहारा ले रहे है, जो उनको आर्थिक रूप से बच्चो के परिजनों को नुकसान पहुंचा रहा है।

**बिजनेस के रूप में उभर रहा कोचिंग-** वही यह स्थिति सरकारी स्कूलों के पहली क्लास के बच्चे से लेकर 12वीं कक्षा तक हर एक विद्यार्थियों में अवधारणा बन रही है, कि बिना ट्यूशन-कोचिंग के बेहतर पढ़ाई कर पाना नामुमकिन है। बस इसी चिंता के कारण परिजन भी बच्चो को सरकारी स्कूल की पढ़ाई के साथ कोचिंग ट्यूशन भी करा रहे है, जो काफी चिंताजनक है। देखा जाए तो यह एक बिजनेस के रूप में उभर रहा है, जो सभी जगह स्कूली पढ़ाई व्यवस्था को चौपट कर जगह ले रहा है जो खतरनाक है। इस सम्बंध में जिला शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अफसरों को गम्भीरता से संज्ञान में लेकर स्कूली पढ़ाई व्यवस्था को दुरुस्त करानी चाहिए एवं सभी नगरीय व आँचलिक इलाको में संचालित बिना पंजीकृत एवं बिना पूरे मापदण्डों के ट्यूशन व कोचिंग सेंटरों पर कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए ताकि सरकारी एजुकेशन व्यवस्था को बेहतर किया जा सके।

# लक्ष्य फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ के 25वीं स्थापना दिवस पर घाटी में लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर की निशुल्क संस्था लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर भोरम देव अभ्यारण दौड़ का आयोजन लक्ष्य के कैडेट के साथ किया गया यह दौड़ भोरमदेव से भोरमदेव घाटी होते हुए चिल्फी घाटी के सरोदा-दादर कठिन चढ़ाई को पूरा करते हुए सरोदा बैगा रिसोर्ट तक का यह दौड़ पूरी की गई। लक्ष्य फाउंडेशन के संस्थापक और मुख्य प्रशिक्षक पवन कुमार वर्मा ने बताया लक्ष्य के 25 कैडेट इस दौड़ में जोश के साथ भाग लिया। दौड़ को देखने वाले आस पास के वासियों में उत्साह और भारत माता की जय के साथ अभिवादन मिला। रास्ते में चलने वाले राहगिर ने बहुत जोश के साथ शुभकामनाएं दी।



सरोदा-दादर रिसोर्ट के लोगों ने भी इस दौड़ से प्रभावित हुए। इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के 25वीं स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ सभी वासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देना व छत्तीसगढ़ महतारी से प्रार्थना है हमारे छत्तीसगढ़ सदैव खनिज संपदा से भरपूर बना रहे और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सदैव जल जंगल जमीन सुरक्षित रहे। सभी आने वाले समय में पौधा लगाए और जल संरक्षण में विशेष ध्यान दें। लक्ष्य फाउंडेशन बेमेतरा विगत 8 वर्ष से सेना भर्ती पूर्व दौड़ का अभ्यास मजबूत ट्रेनिंग देते आ रहे। जिसमें पूर्व सैनिक सूबेदार हरीश अवस्थी और पवन कुमार पूर्व एनसीसी कैडेट व मुंबई से टेक्टिकल ट्रेनिंग और रनिंग प्रशिक्षण के लिए प्रमाणित है।

